


**INDIA PRIORITIZES LIVELIHOOD PROTECTION AMID GLOBAL CRISIS: LOK SABHA SPEAKER/भारत वैश्विक संकट के बीच आजीविका संरक्षण को प्राथमिकता दे रहा है: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**UNILATERAL ENVIRONMENTAL MEASURES THREATEN TRADE AND INTERNATIONAL LAW: LOK SABHA SPEAKER/एकतरफा पर्यावरणीय उपाय व्यापार और अंतर्राष्ट्रीय कानून के लिए खतरा हैं: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**MEASURES TO COMBAT CLIMATE CHANGE SHOULD NOT BE USED TO JUSTIFY ARBITRARY TRADE RESTRICTIONS: LOK SABHA SPEAKER/जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए किए जा रहे उपायों का इस्तेमाल मनमाने व्यापार प्रतिबंधों के लिए नहीं किया जाना चाहिए: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**LOK SABHA SPEAKER CALLS FOR STRONGER PARLIAMENTARY DIPLOMACY TO COMBAT GLOBAL TRADE FRAGMENTATION AT BRICS SUMMIT/लोक सभा अध्यक्ष ने वैश्विक व्यापार प्रणाली के विखंडन को रोकने के लिए सुदृढ़ संसदीय सहयोग का आह्वान किया**

**…**

**INDIA'S COMMITMENT TO SUSTAINABLE DEVELOPMENT: EXCEEDING CLIMATE TARGETS AND PROMOTING LIFE INITIATIVE: LOK SABHA SPEAKER/सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का**

परिचय देते हुए भारत जलवायु परिवर्तन संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए आगे बढ़ रहा है और **LiFE** पहल को बढ़ावा दे रहा है: लोक सभा अध्यक्ष

…

**EMPHASIZING ADAPTATION OVER MITIGATION IS INDIA'S APPROACH TO CLIMATE CHANGE: LOK SABHA SPEAKER/**जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए भारत इसके अनुकूलन पर जोर दे रहा है: लोक सभा अध्यक्ष

…

**BRICS: A CATALYST FOR SUSTAINABLE DEVELOPMENT AND GLOBAL ECONOMIC GROWTH: LOK SABHA SPEAKER/**ब्रिक्स सतत विकास और वैश्विक आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रहा है: लोक सभा अध्यक्ष

…

**LOK SABHA SPEAKER ADDRESSES PLENARY SESSION OF BRICS PARLIAMENTARY FORUM/**लोक सभा अध्यक्ष ने ब्रिक्स संसदीय मंच के पूर्ण अधिवेशन को संबोधित किया

…

**LOK SABHA SPEAKER SPEAKS ON "THE ROLE OF PARLIAMENTS IN COUNTERING THE FRAGMENTATION OF THE MULTILATERAL TRADE SYSTEM AND OVERCOMING THREATS RELATED TO THE CONSEQUENCES OF GLOBAL CRISIS"/**लोक सभा अध्यक्ष ने 'बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के विखंडन को रोकने और वैश्विक संकट के परिणामों से संबंधित चुनौतियों से निपटने में संसदों की भूमिका विषय पर अपने विचार व्यक्त किए

…

**St. Petersburg 12 July, 2024:** Lok Sabha Speaker Shri Om Birla who is leading an Indian Parliamentary Delegation to the 10th BRICS Parliamentary Forum currently underway in St. Petersburg, Russia addressed the plenary session on 'The Role of parliaments in countering the fragmentation of the multilateral trade system and overcoming threats related to the consequences of global crisis', today.

Speaking on this occasion, Lok Sabha Speaker stressed that sustainable development includes environmental protection. However, it was crucial to achieve this goal in an equitable manner considering countries' varied economic development levels. Adding a word of caution, he stated that the trend of undertaking unilateral measures justified as environmental actions were impacting trade, violating WTO rules, and undermining international law, equity, and the principles of the UNFCCC and NDCs. Climate change mitigation requires substantial resources, which developing countries need for their development and thus adaptation remains a priority for India, which is committed to achieving its NDCs, he elaborated.

Emphasizing on fostering mutual understanding and sharing best practices among democratic institutions Shri Birla noted that parliaments play a crucial role in enacting legislation to protect financial and economic sovereignty and support the implementation of international recommendations. In the Indian context, he stated that Indian Parliament has actively participated in inter-parliamentary activities, advocating for a rules-based, non-discriminatory, fair, and transparent multilateral trading system centered on the WTO. He reiterated that the Indian Parliament remains committed to deepening engagement with parliamentarians from other countries.

Mentioning about India's commitment to sustainable development, Shri Birla noted that with its low per capita energy usage and minimal contribution of just 4% to global cumulative emissions between 1850 and 2019, India has prioritized climate change adaptation over mitigation due to its vulnerability to climate effects. The Lok Sabha Speaker stressed that India despite having resource limitations, has been consistent in taking strong actions toward environmental sustainability. He highlighted that India fully endorses sustainable development and embraces its responsibilities, drawing from a rich tradition of conservation and moderation. Through its NDC, India promotes a sustainable lifestyle via the LiFE initiative ("Life Style for Environment") to combat climate change. India has surpassed its targets for reducing emissions intensity, increasing non-fossil fuel power capacity, and creating additional carbon sinks, as pledged to the UNFCCC.

Climate-related issues should be addressed within the UNFCCC framework, felt Shri Birla.

Highlighting the need for reforms in global bodies, Shri Birla asserted that reforming global bodies to reflect contemporary realities is essential. He felt that the recent expansion of BRICS presented a unique opportunity in this regard and expressed his optimism that their collective efforts will position BRICS countries as a leading engine of global economic growth for years to come.

Recalling India's stance taken at the WTO's 13th Ministerial Conference in Abu Dhabi in February 2024, the Speaker emphasized the need to avoid fragmentation of the multilateral trading system and focus on trade-related issues. Introduction of non-trade topics like gender and MSMEs into WTO discussions, he felt, could lead to greater fragmentation, as these issues are addressed by other relevant international organizations. The Lok Sabha Speaker also felt that several measures taken by developed countries were nullifying the balance of rights and obligations under multilateral environmental agreements which were in violation of the principles of equity and CBDR-RC. In fact, at CoP28 in Dubai, it was recognized that international cooperation is essential for sustainable economic growth and addressing climate change. He strongly asserted that measures to combat climate change should not be used to justify arbitrary trade restrictions.

Appreciating BRICS for providing a vital platform for promoting inter-Parliamentary dialogue and diplomacy among BRICS nations and enhancing the role of Parliaments in addressing contemporary issues, Shri Birla noted that BRICS countries represent about 42% of the global population, contribute nearly one-fourth of the world's GDP, and account for over 16% of world trade. The Forum effectively unites countries from three continents with a shared commitment to growth and development, he added. He also noted that BRICS has the potential to address imbalances within global institutions, improve coordination between regional bodies, and create anti-crisis mechanisms through coordinated fiscal and monetary measures during economic downturns.

Shri Birla urged the participants that in face of global challenges of technological disruption and its impact on jobs and skills, it is imperative that we prioritize livelihood protection in both the short and medium term. He called for unity among the Member nations to navigate these challenges and work towards a sustainable and prosperous future for all.

BILATERAL WITH SPEAKER OF THE LOWER HOUSE OF THE RUSSIAN FEDERATION, DUMA

On the sidelines of the Forum, Shri Birla held a bilateral meeting with the Speaker of the Lower House of the Russian Federation, Duma, Mr. Vyacheslav Viktorovich Volodin on 11 July, 2024.

Commending his Russian counterpart on the seamless expansion of the BRICS organization especially with the addition of new member countries, Shri Birla expressed confidence that this would significantly enhance the effectiveness, allowing for advocacy of a stronger Global South. The discussions also emphasized the strong democratic systems of India and Russia underscoring the importance of inter-parliamentary cooperation. Shri Birla also announced plans to establish an India-Russia Parliamentary Friendship Group and expressed hope for further strengthening bilateral trade, defense, and cultural relations.

**सेंट पीटर्सबर्ग 12 जुलाई, 2024:** रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित किए जा रहे 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज 'बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के विखंडन को रोकने और वैश्विक संकट के परिणामों से संबंधित चुनौतियों से निपटने में संसदों की भूमिका' विषय पर पूर्ण सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि हालांकि सतत विकास में पर्यावरण संरक्षण शामिल है, तथापि, विभिन्न देशों के अलग-अलग आर्थिक विकास स्तरों को ध्यान में रखते हुए इस लक्ष्य को न्यायसंगत तरीके से प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिनिधियों को सचेत करते हुए कहा कि पर्यावरण संबंधी कार्रवाईयों के रूप में उचित ठहराए जाने वाले एकतरफा उपायों से  व्यापार प्रभावित हो रहा है, विश्व व्यापार संगठन के नियमों का उल्लंघन हो रहा है और अंतर्राष्ट्रीय कानून, समानता और यूएनएफसीसीसी (संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन) और एनडीसी के सिद्धांत कमजोर हो रहे हैं। इस बारे में विस्तार से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए पर्याप्त संसाधन आवश्यक होते हैं। विकासशील देशों को अपने विकास के लिए इनकी जरूरत होती है। इस संबंध में भारत अनुकूलन को प्राथमिकता दे रहा है और अपने एनडीसी को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने पर जोर देते हुए श्री बिरला ने कहा कि संसदें वित्तीय और आर्थिक संप्रभुता की रक्षा के लिए कानून बनाने और अंतरराष्ट्रीय सिफारिशों के कार्यान्वयन का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस संबंध में भारत के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संसद विश्व व्यापार संगठन के तहत एक नियम-आधारित, भेदभाव रहित, मुक्त,

निष्पक्ष, समावेशी, न्यायसंगत और पारदर्शी बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली का समर्थन करती है और अंतर-संसदीय गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेती है। उन्होंने इस बात को भी दोहराया कि भारत की संसद अन्य देशों के सांसदों के साथ गहन संवाद के लिए प्रतिबद्ध है।

सतत विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि प्रति व्यक्ति ऊर्जा के कम उपयोग और 1850 से 2019 के बीच वैश्विक संचयी उत्सर्जन में केवल 4% के न्यूनतम हिस्से के साथ, भारत जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए जलवायु परिवर्तन अनुकूलन को प्राथमिकता दे रहा है। लोक सभा अध्यक्ष ने इस बात पर भी जोर दिया कि सीमित संसाधन होने के बावजूद भारत पर्यावरण को बचाने की दिशा में लगातार ठोस कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि संरक्षण तथा संयम की अपनी समृद्ध परंपरा के अनुसार भारत सतत विकास के लक्ष्यों का समर्थन करता है और इस बारे में अपनी जिम्मेदारियों को समझता है। भारत जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए LiFE पहल के माध्यम से पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली को बढ़ावा दे रहा है। यूएनएफसीसीसी को किए गए वायदे के अनुसार भारत ने उत्सर्जन तीव्रता को कम करने, गैर-जीवाश्म ईंधन से उत्पादित विद्युत क्षमता बढ़ाने और अतिरिक्त कार्बन सिंक बनाने के अपने लक्ष्यों को पार कर लिया है। श्री बिरला ने यह भी कहा कि जलवायु से जुड़े मुद्दों का समाधान यूएनएफसीसीसी ढांचे के भीतर रहकर किया जाना चाहिए।

वैश्विक निकायों में सुधारों की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए, श्री बिरला ने कहा कि वैश्विक निकायों में समकालीन वास्तविकताओं के अनुरूप सुधार लाना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि हाल ही में ब्रिक्स में हुए विस्तार से एक अनूठा अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ब्रिक्स देश अपने सामूहिक प्रयासों के माध्यम से आने वाले कई वर्षों तक वैश्विक आर्थिक विकास के प्रमुख वाहक बने रहेंगे।

फरवरी 2024 में अबू धाबी में विश्व व्यापार संगठन के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भारत द्वारा व्यक्त दृष्टिकोण का उल्लेख हुए, अध्यक्ष महोदय ने बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के विखंडन से बचने और व्यापार से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्व व्यापार संगठन की चर्चाओं में महिलाओं और एमएसएमई जैसे गैर-व्यापारिक मुद्दों को शामिल करने से अधिक विखंडन हो सकता है, क्योंकि इन मुद्दों को अन्य प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय संगठनों की बैठकों में उठाया जाता है। लोक सभा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि विकसित देशों द्वारा उठाए गए कई कदमों से बहुपक्षीय पर्यावरण समझौतों के तहत अधिकारों और दायित्वों का संतुलन बिगड़ रहा है।

यह समानता और CBDR-RC के सिद्धांतों का उल्लंघन है। वास्तव में, दुबई में CoP28 में यह स्वीकार किया गया था कि जलवायु परिवर्तन को रोकने और सतत आर्थिक विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग आवश्यक है। उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए किए जा रहे उपायों का इस्तेमाल मनमाने व्यापार प्रतिबंधों को सही ठहराने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

ब्रिक्स देशों के बीच अंतर-संसदीय संवाद और राजनय को बढ़ावा देने और समकालीन मुद्दों का समाधान करने में संसदों की अग्रणी भूमिका के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करने के लिए ब्रिक्स की सराहना करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि ब्रिक्स देश विश्व की लगभग 42% आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं, दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग एक-चौथाई योगदान करते हैं और विश्व व्यापार में 16% से अधिक का योगदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यह मंच प्रगति और विकास के लिए साझी प्रतिबद्धता रखने वाले तीन महाद्वीपों के देशों को प्रभावी रूप से एकजुट कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिक्स में वैश्विक संस्थाओं के भीतर आ रहे असंतुलन को दूर करने, क्षेत्रीय निकायों के बीच समन्वय में सुधार करने और आर्थिक मंदी के दौरान समन्वित उपायों के माध्यम से आर्थिक संकट दूर करने के तंत्र विकसित करने की क्षमता है।

श्री बिरला ने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि प्रौद्योगिकीय व्यवधान तथा नियोजन और कौशल पर इसके प्रभाव की वैश्विक चुनौती को ध्यान में रखते हुए, यह आवश्यक है कि हम अल्पावधि और मध्यम अवधि में आजीविका संरक्षण को प्राथमिकता दें। उन्होंने सदस्य देशों से एकजुट होकर इन चुनौतियों से निपटने और सभी के लिए एक बेहतर और समृद्ध भविष्य के लिए कार्य करने का आह्वान किया।रूसी संघ के निचले सदन ड्यूमा के स्पीकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की

श्री बिरला ने 11 जुलाई, 2024 को रूसी संघ के निचले सदन ड्यूमा के स्पीकर, श्री व्याचेस्लाव विक्टरोविच वोलोडिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

ब्रिक्स संगठन का निर्बाध रूप से विस्तार किए जाने और विशेष रूप से नए सदस्य देशों को इसमें शामिल किए जाने के लिए अपने रूसी समकक्ष की सराहना करते हुए, श्री बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि इससे ब्रिक्स मंच का प्रभाव बढ़ेगा और ग्लोबल साउथ के पक्ष को अधिक मजबूत करने में मदद मिलेगी। चर्चा में भारत और रूस की मजबूत लोकतांत्रिक प्रणालियों का उल्लेख करते हुए अंतर-संसदीय सहयोग के महत्व पर ज़ोर दिया गया। श्री

बिरला ने भारत-रूस संसदीय मैत्री समूह की स्थापना के बारे में बात करते हुए आशा व्यक्त की कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार, रक्षा और सांस्कृतिक संबंध और मजबूत होंगे।